ग्रेन के खिलाफ

नवंबर 2014

व्यापार समझौते किसानों के बीजों को गैर-कानूनी ठहराते हैं

कोस्टा रिका में, मध्य अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौते के खिलाफ संघर्श बहुत हद तक देा की जैवविविधता की अनूठी संपत्ति को पेटेंट किए जाने से रोकने के लिए और यूपीओवी -यूनियन फॉर द प्रोटेक्शन ऑफ न्यू प्लांट वेराइटीज (नई पौध किस्मों की सुरक्षा के लिए यूनियन) के खिलाफ एक लड़ाई थी। (फोटो : फाइटिंग एफटीए)

GRAIN

बीजों को एक मौसम से दूसरे मौसम तक के लिए बचाने से अधिक दिनचर्या की बात और क्या हो सकती है? आखिरकार, इसी तरीके से तो हम अपने खेतों और बागों में फसल उगाते हैं। फिर भी, ग्वाटेमाला से लेकर घाना तक और मोजाम्बिक से मलेशिया तक इस मूलभूत प्रचलन को गैर कानूनी बनाया जा रहा है जिससे कि छह बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां बीजों को निजी संपत्ति बना लें और उनसे धन कमाएं। ग्रेन ने एक नवीनतम डाटासेट प्रस्तुत किया है कि किस प्रकार तथाकथित मुक्त व्यापार समझौते दुनिया भर में बीजों का निजीकरण कर रहे हैं। लेकिन लोग अब इसके खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं और कई देशों में लोग लामबंद होकर सरकारों की बीज निजीकरण योजनाओं को रोकने पर मजबूर कर रहे हैं।

व्यापार समझौते सरकारों के लिए कॉरपोरेट लॉबियों के साथ मिलकर बीजों के साथ काम करने के किसानों के अधिकारों को सीमित करने के एक माध्यम बन गए हैं। कुछ वर्ष पहले तक, इनमें से सबसे महत्वपूर्ण विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार संबंधित पहलुओं पर समझौता (ट्रिप्स) था। 1994 में लागू ट्रिप्स बीजों के ऊपर 'बौद्धिक संपदा'अधिकारों के लिए वैश्विक मानदंड स्थापित करने के लिए पहला अंतरराष्ट्रीय समझौता था और आज भी है।[1] लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि मौनसैंटो या सिनजेंटा जैसी कंपनियां, जो पौध प्रजनन एवं अनुवांशिक अभियांत्रिकी पर पैसे खर्च करती हैं, किसानों को उनके द्वारा पैदा किए गए बीजों को फिर से उपयोग में लाने से उन्हें क्या उसी प्रकार रोक सकती हैं जिस प्रकार हॉलीवुड या माइक्रोसॉफ्ट लोगों को फिल्मों या सॉफ्टवेयर को उन पर कानूनी या प्रौद्योगिकीय अवरोध लगाकर उनकी नकल करने या उन्हें साझा करने पर रोक लगाने का प्रयास करती हैं।

लेकिन बीज सॉफ्टवेयर नहीं हैं। 'जीवन के पेटेंटीकरण' की धारणा का ही भारी विरोध हो रहा है। इस वजह से, डब्ल्यूटीओ समझौता सरकारों के बीच एक प्रकार का वैश्विक करार था। इसमें कहा गया है कि देश पौधें एवं पशुओं को (सूक्ष्म जीवधारियों को छोड़कर) अपने पैटेंट कानूनों से बाहर रखना चाहिए, लेकिन उन्हें पौध किस्मों पर कुछ प्रकार की बौद्धिक संपदा सुरक्षा अवश्य मुहैया करानी चाहिए, हालांकि इसमें यह निर्दिश्ट नहीं किया गया है कि इसे किस प्रकार से किया जाना है।

व्यापार समझौतों पर बातचीत डब्ल्यूटीओ के दायरों से बाहर की गई। खासकर, जिस बातचीत की शुरूआत दुनिया के विकसित देशों और मजबूत अर्थव्यवस्थाओं द्वारा की गई, उन्होंने डब्ल्यूटीओ के नियमों से ज्यादा से ज्यादा दूर रहने का प्रयास किया। उन्हें अक्सर पौधों या पशुओं को पैटेंट करने, या जेनेवा आधारित यूपीओवी -यूनियन फॉर द प्रोटेक्शन ऑफ न्यू प्लांट वेराइटीज (नई पौध किस्मों की सुरक्षा के लिए यूनियन) -जो फसल किस्मों के ऊपर पैटेंट जैसे अधिकार मुहैया कराते हैं- के नियमों का अनुकरण करने के लिए हस्ताक्षरकर्ता देशों की जरूरत पड़ती है। चाहे पैटेंट कानून के रूप में हो या यूपीओवी, ये नियम आम तौर पर किसानों के लिए बीजों को, जिन्हें वे तथाकथित सूरक्षित किस्म बताते हैं, बचाने, आदान प्रदान करने, बेचने या संशोधित करने को गैर कानूनी बना देते हैं।[2] वास्तव में, 1991 में छोटे एवं देशज क़ाफ समुदायों की कीमत पर कृषि व्यवसाय कंपनियों को ज्यादा मजबूत एकाधिकारी शक्तियां देने के लिए यूपीओवी समझौते को संशोधित किया गया। यूपीओवी के 1991 संस्करण को अब व्यापार समझौतों के जरिये काफी बढ़ावा दिया जा रहा है।

एफटीए का घातक हमला

जिस वक्त ट्रिप्स को अंतिम रूप दिया जा रहा था, लगभग उसी वक्त मैक्सिको, कनाडा एवं अमेरिका ने उत्तर अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। बहुपक्षीय क्षेत्रों के दायरे के बाहर किया जाने वाला यह पहला व्यापार समझौता था जिसमें बीज के निजीकरण को लेकर सख्त प्रावधान या फंदे थे। इसने मैक्सिको को यूपीओवी क्लब के देशों में शामिल करने का एहसान किया और बीज कंपनियों को कॉरपोरेट बीजों को पुनर्चक्रण एवं उनके दुबारा उपयोग से रोकने के लिए किसानों को रोकने का विशिष्ट अधिकार दिया। इसने एक मिसाल कायम किया और इसके बाद होने वाले सभी अमेरिकी द्विपक्षीय व्यापार समझौतों का रास्ता प्रसस्त कर दिया। यूरोपीय संघ, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ एवं जापान ने भी इसी विचार का अनुकरण किया।[3] तभी से 'पिछले दरवाजे से' बीजों का निजीकरण करने के लिए देशों पर राजनयिक और वित्तीय दबाव डालने की एक निरंतर प्रक्रिया जारी है। बीज उद्योग के लिए दांव काफी ऊंचे हैं। वैश्विक रूप से, केवल 10 कंपनियों का ही वाणिज्यिक बीज बाजार के 55 फीसदी पर नियंत्रण है।[4]

लेकिन इन कंपनियों के लिए बाजार हिस्सा अब भी काफी नहीं है। पूरे एशिया, अफ्रीका एवं लातिनी अमेरिका में किसानों द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले बीज का 70 से 80 फीसदी हिस्सा खेतों में बचाया गया बीज है जो या तो उनके अपने खेतों से या पड़ोसियों के खेतों से या फिर नजदीक के समुदायों के खेतों से बचाया गया है। इन अप्रभावित क्षेत्रों में, अब कृषि कृषि व्यवसाय क्षेत्र की बड़ी कंपनियां बीज की बचत की जगह बीज बाजारों को स्थापित करना चाहती हैं और इन बाजारों पर नियंत्रण करना चाहती हैं। इसे सुगम बनाने के लिए तथा बीजों पर कॉरपोरेट एकाधिकार स्थापित करने के लिए वे सरकारों से कानूनी सुरक्षा की मांग कर रही हैं। यहीं पर मुक्त व्यापार समझौते देशों को उनके कानूनों में परिवर्तन करने को बाध्य करने के एक सटीक माध्यम के रूप में सामने आते हैं।

1.'बौद्धिक संपदा' सरकार द्वारा लागू एकाधिकार है। इसका काम यह सुनिश्चित करना है कि लोग किसी चीज का एक खास समय के लिए उपयोग करने का अधिकार प्राप्त करने के लिए पैसे अदा करते हैं जिससे कि जिसने भी इसका आविष्कार किया है, वह अपना हिस्सा निकाल ले, अर्थात अपनी क्षतिपूर्ति कर ले। 'पौध किस्म' का अर्थ है ऐसे बीज जो विशिष्ट गुणों के साथ एक विशिष्ट प्रकार के पौधे के रूप में विकसित होंगे।

2.यूपीओवी प्रणाली के तहत, किसान कभी-कभी सुरक्षित किस्मों से बीजों को बचा सकते हैं कि जिससे कि वे उनका फिर से उपयोग कर सकें। यह निर्भर करता है कि यूपीओवी समझौते के किस प्रारूप में किसी देश ने हस्ताक्षर किए और क्या सरकार इस विकल्प का उपयोग करती है। कभी कभी यह किसानों के उनके अपने खेतों में बीजों को दुबाराया किसी किसी विशेष फसल के लिए रोपने या किसी लाईसेंस की अदायगी करने से प्रतिबंधित करता है। पैटेंट प्रणाली के तहत, पैटेंट किए गए बीजों को बिना उनके लिए कीमत चुकाए, उपयोग करना गैर कानूनी है-भले ही कोई पक्षी उन बीजों को आपके खेतों में गिरा दे।

3. ईएफटीए आईसलैंड, लिचटेनस्टेन, नॉर्वे एवं स्विट्जरलैंड से निर्मित है।

4. ईटीसी ग्रुप, 'हू ओन्स नेचर' 2008

एफटीए के खिलाफ सितंबर 2013 का विरोध; थाईलैंड में लोकप्रिय आंदोलन उस संभावना को, जो थाईलैंड एवं ईयू के बीच मुक्त व्यापार समझौते की बात करती है, का विरोध कर रहा है, जिसका परिणाम देश के किसानों पर थोपे जाने के रूप में सामने आएगा। (फोटो :एफटीए वॉच)

नवीनतम रुझान

ग्रेन इस तथ्य पर निगरानी रखता आ रहा है कि बहुपक्षीय प्रणाली के बाहर किए गए व्यापार समझौते किस प्रकार 15 वर्षों से देशों को बीजों के लिए उद्योग की बौद्धिक संपदा अधिकारों की इच्छा सूची को अपनाने को विवा करते रहे हैं, और उस प्रक्रिया में वैश्विक मानदंडों को एक ही दिशा में मजबूर करते रहे हैं। हमारे डाटासेट के नवीनतम तथ्य यह प्रदर्शित करते हैं कि यह रूझान कम नहीं हो रहा है। वास्तव में, क्षितिज पर चिंताजनक संकेत उभर रहे हैं।

- विश्व की शीर्ष बीज कंपनियों- मौनसैंटो, ड्यूपोंट, लिमाग्रेन एवं सिन्जेंटा के लिए सबसे महत्वपूर्ण लाभ लातिनी अमेरिकी राज्यों द्वारा हाल में किए गए नए व्यापार समझौतों से प्राप्त हुआ है। 2006 में, अमेरिका (मौनसैंटो और ड्यूपोंट के देश) ने पेरू एवं कोलंबिया के साथ बड़े समझौते किए और दोनों देशों को यूपीओवी 1991 का अनुपालन करने को विवा कर दिया। सिन्जेंटा के देश ईएफटीए राज्यों ने 2008 में और ईयू (लिमाग्रेन के देश) ने भी 2012 में यही किया।[5] मध्य अमेरिका में ऐसी ही मिसाल देखने में आई। अमेरिका 2007 में एक बेहद ताकतवर मध्य अमेरिका मुक्त व्यापार समझौता करने में सफल रहा जिसने सभी देशों को यूपीओवी 1991 का अनुपालन करने को मजबूर कर दिया। ईएफटीए ने पिछले वर्ष यही किया।
- एक अधिक मजबूत मालिकाना बीज बाजार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हाल में अफ्रीका में लिया गया। 10 वर्षों की बातचीत के बाद, 2014 में ईयू और उप-सहारा अफ्रीकी राज्यों के बीच आर्थिक साझीदारी समझौते (ईपीए) संपन्न हुए। उनमें से अधिकांा 'केवल'अभी वस्तुओं में व्यापार को उदार बनाते हैं, लेकिन उनमें ब्रुसेल्स के साथ समान बौद्धिक संपदा मानकों पर बातचीत करने की प्रतिबद्धता भी निहित है। उम्मीद है कि वे मानक उन पर आधारित होंगे जिन पर कैरेबियाई राज्य पहले ही अपने 2008 के ईपीए में सहमति जता चुके हैं : एक प्रतिज्ञा की वे कम से कम यूपीओवी में शामिल होने पर विचार करेंगे। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि अभी तक अफ्रीकी राज्यों के पास एक मानक के रूप में यूपीओवी को अपनाने की कोई बाध्यता नहीं है, और वास्तव में उन्होंने अपनी खुद की पौध किस्म सुरक्षा की प्रणाली बनाने का प्रयास किया है।[6] और जहां यह सच है कि एंग्लोफोन अफ्रीकन रीजनल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गनाइजेशन (एआरआईपीओ) एवं फ्रैंकोफोन अफ्रीकन इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गनाइजेशन (ओएपीआई) जैसी अफ्रीकी इकाइयां पहले ही ईयू व्यापार समझौतों के तहत यूपीओवी में शामिल हो रही हैं, ये खुद ही उनमें शामिल होने वाले देश होंगे। इस सीमा की दिशा में और आगे कदम बढ़ाते हुए, अफ्रीका अपने भीतर सुसंगति लाने का प्रयास कर रहा है और इसके उप क्षेत्रीय व्यापार ब्लॉक आपस में विलय करके तथा एकत्रित होकर संभवतः 2017 तक एकल महाद्वीपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र बना लेंगे। उम्मीद है कि ये अपने साथ पूरे क्षेत्र में बौद्धिक संपदा अधिकारों की एक आंतरिक सुसंगति लाएंगे जिससे फंदा और सख्त हो जाएगा।
- अंतःप्रांत साझीदारी (टीपीपी) समझौता संभवतः एाया एवं प्रांत क्षेत्र में बीजों पर नियंत्रण के किसानों के अधिकारों पर पड़ने वाले प्रभाव के लिहाज से सबसे डरावना एफटीए है, जिस पर वर्तमान में बातचीत हो रही है। ऐसा अमेरिका की वजह से है जो 11 अन्य प्रांत देशों के साथ बातचीत का नेतृत्व कर रहा है और दबाव बना रहा है। 2014 में बातचीत के लीक हुए दस्तावेजों से प्रदर्शित होता है कि अमेरिका न केवल सभी टीपीपी राज्यों में यूपीओवी 1991 को लागू करने के लिए दबाव डाल रहा है बल्कि पौधों एवं पशुओं को पूरी तरह पेटेंट किए जाने के लिए भी प्रयास कर रहा है। हम अभी भी यह नहीं जानते कि क्या ये मांगें वर्तमान में अमेरिका एवं

इक्वाडोर भी कोलंबिया और पेरू के साथ हस्ताक्षरित विषय वस्तु के आधार पर ईयू के साथ बातचीत कर रहा है।

ऑस्ट्रेलिया के मेलबॉर्न में एकता मार्च : अपने देश से दूर रहने वाले कोलंबिया निवासियों को भी यह जान कर झटका लगा कि किस प्रकार अमेरिका और यूरोपीय संघ के व्यापार समझौतों ने बोगोटा को किसानों के बीजों को गैर कानूनी बनाने के लिए बाध्य कर दिया है। (स्त्रोतः इरिक एंडरसन/फ्लिकर)

ईयू के बीच हो रही अंतःअटलांटिक व्यापार एवं निवेश साझीदारी (टीटीपीपी) बातचीतों में भी सामने आएंगी, क्योंकि इसके दस्तावेज आम जनता की पहुंच से बाहर हैं।

- जहां इसकी सीमा कि किस चीज का निजीकरण किया जाना चाहिए, विस्तृत हो रही है, उसी प्रकार इन नियमों का उल्लंघन करने पर दंड भी बढ़ रहे हैं। विभिन्न एफटीए के तहत अमेरिका जैसे देश अपेक्षा करते हैं कि जो किसान बीजों पर इन नए बौद्धिक संपदा अधिकारों का उल्लंघन करते हैं, उन पर दीवानी कानून नहीं बल्कि फौजदारी कानून के तहत सजा दी जानी चाहिए। कुछ मामलों, जैसे हाल में संपन्न हुए ईयू-कनाडा व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) में, केवल उल्लंघन के संदेह पर भी किसानों की संपत्ति जब्त कर ली जा सकती है या उनके बैंक खातों का इस्तेमाल बंद कर दिया जा सकता है।[7]

बड़ी लड़ाइयों के आसार

अच्छी बात यह है कि सामाजिक आंदोलन इस बैठक को आसानी से नही ले रहे। वे इसको लेकर बहुत सक्रिय, मुखर, निर्भीक और संगठित बन रहे हैं। 2013 में, सभी क्षेत्रों के कोलंबियावासी हिल गए थे जब उन्होंने प्रत्यक्ष रूप से देखा कि किस प्रकार अमेरिका एवं यूरोपीय संघ के साथ एफटीए का परिणाम उनकी अपनी सरकार द्वारा किसानों के बचाए गए टनों बीज को नट कर दिए जाने के रूप में सामने आया क्योंकि किसानों को नए नियमों के बारे में कुछ पता नही नहीं था। एक व्यापक राष्ट्रीय कृषि हड़ताल के बीच में हुआ उपद्रव इतना जोरदार था कि सरकार को वास्तव में इस कानून को अस्थायी रूप से स्थगित कर देने और किसानों के प्रतिनिधियों से सीधे मुद्दे की जांच करने पर सहमति देनी पड़ी।[8]

2014 में, ग्वाटेमाला में अराजकता का दौर शुरू हो गया जब आम जनता ने यह महसूस किया कि सीएएफटीए जैसे व्यापार समझौतों के कारण सरकार बिना उचित बातचीत या बहस के यूपीओवी 1991 को लागू करने का प्रयास कर रही है।[9]

लोग इस बात पर नाराज थे कि, जैसाकि आवयक है देशज समुदायों से सलाह मविरा नहीं किया गया था, खासकर जब, अंततोगत्वा कानून का उद्देश्य देशज बीजों की जगह मौनसैंटो या सिन्जेंटा जैसी विदेशी कंपनियों के वाणिज्यिक बीजों का उपयोग करना है। कई महीनों के दबाव के बाद, सरकार को झुकना पड़ा और उसने इस कानून को वापस ले लिया। 10. लेकिन- जैसाकि कोलंबिया में हुआ- वापसी का यह संकेत केवल अस्थायी है जबकि अन्य कदमों पर विचार किया जाएगा। चिली और अर्जेन्टीना जैसे लातिनी अमेरिका के कुछ अन्य हिस्सों में यूपीओवी 1991, जिसे अक्सर 'मौनसैंटो कानून'कह कर पुकारा जाता है, को क्रियान्वित करने के प्रयासों को भी सामाजिक आंदोलनों द्वारा सघनता से एवं सफलतापूर्वक विरोध किया जा रहा है।

अफ्रीका में भी, जिन देशों में ये लागू किए जा रहे हैं, पौध किस्म सुरक्षा व्यवस्थाओं के खिलाफ जन विरोधों में तेजी आ रही है। घाना में, यूपीओवी 1991 कानून को लागू किए जाने से रोकने के लिए एक जीवंत अभियान चल रहा है।[11] अन्य जगहों

---

6. उदाहरण के लिए, अफ्रीकी एकता के संगठन ने समुदाय अधिकारों पर आधारित पौध किस्म सुरक्षा पर अपने खुद के मॉडल कानून का प्रारूप तैयार किया।

7. देखें, नेशनल्स फार्मर्स यूनियन, 'सीईटीए प्लस बिल-टू मच पावर फॉर सीड कंपनीज' जून 2014

अमेरिका के साथ ग्वाटेमाला का व्यापार समझौता उसे यूपीओवी संधि- पत्र को मानने के लिए बाध्य करता है। लेकिन आम लोगों के विरोध ने सरकार को इस उद्देश्य के लिए पारित राष्ट्रीय कानून को वापस लेने के लिए विवश कर दिया। (फोटो : रॉल जमोरा)

पर अफ्रीका में व्यापक आधार वाले एलायंस फॉर फूड सॉवरेनिटी जैसे सिविल सोसाइटी नेटवर्क यूपीओवी आधारित कानून को अपनाने तथा यूनियन में शामिल होने से एआरआईपीओ को रोकने के लिए अपील दायर कर रहे हैं। 12.

कॉरपोरेट हित समूहों ने उन चीजों का निजीकरण करने की हद से ज्यादा कोशिश की है जिसे लोग सार्वजनिक संपत्ति समझते हैं। यह केवल बीजों तक सीमित नहीं है। यही प्रक्रिया जमीन, खनिज अवयव, हाइड्रोकार्बन, पानी, ज्ञान, इंटरनेट, यहा तक कि कुछ साल पहले तक एवियन फ्लू या अब इबोला वायरस जैसे महत्वपूर्ण माइक्रोऑर्गेनिज्म तक जारी है। लोग इन चीजों के कुछ कंपनियों या रक्षा मंत्रालयों के विशिष्ट नियंत्रण के तहत पड़ने से रोकने के लिए लड़ाइयां लड़ रहे हैं। इन लड़ाइयों में भाग लेने का एक अच्छा तरीका टीटीआईपी, सीईटीए, टीपीपी एवं ईपीए जैसे नए महत्वपूर्ण व्यापार समझौतों को रोकने के लिए अभियानों में शामिल होना है और मैक्सिको, मध्य अमेरिका, कोलंबिया और चिली के साथ अमेरिका एवं यूरोपीयन देशों के पुराने समझौतों को निरस्त करना है। व्यापार समझौतों के दौरान ही ऐसे ज्यादातर नियम लिखे जाते हैं और वहीं पर इन्हें मिटा दिए जाने चाहिए।

व्यापार समझौते जैवविविधता का निजीकरण कर रहे हैं

यह सारिणी प्रदर्शित करती है कि किस प्रकार तथाकथित मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) जो विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) से बाहर किए गए, का इस्तेमाल वैश्विक मानकों से आगे जाकर बीजों के निजीकरण एवं नए नियमों की स्थापना की दिशा में किया जा रहा है।

1994 में लागू ट्रिप्स बीजों के ऊपर 'बौद्धिक संपदा' अधिकारों के लिए वैश्विक मानदंड स्थापित करने के लिए पहला अंतरराष्ट्रीय समझौता था और आज भी है। लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि मौनसैंटो या सिन्जेंटा जैसी कंपनियां, जो पौध प्रजनन एवं अनुवांशिक अभियांत्रिकी पर पैसे खर्च करती हैं, किसानों को उनके द्वारा पैदा किए गए बीजों को फिर से उपयोग में लाने से उन्हें क्या उसी प्रकार रोक सकती हैं जिस प्रकार हॉलीवुड या माइक्रोसॉफ्ट लोगों को फिल्मों या सॉफ्टवेयर को उन पर कानूनी या प्रौद्योगिकीय अवरोध लगाकर उनकी नकल करने या उन्हें साझा करने पर रोक लगाने का प्रयास करती हैं।

'जीवन के पेटेंटीकरण'की मूल धारणा का ही भारी विरोध हो रहा है। इस वजह से, डब्ल्यूटीओ समझौता सरकारों के बीच एक प्रकार का वैश्विक करार था। इसमें कहा गया है कि देश पौधों एवं पशुओं को (सूक्ष्म जीवधारियों को छोड़कर) अपने पैटेंट कानूनों से बाहर रखना चाहिए, लेकिन उन्हें पौध किस्मों पर कुछ तरह से बौद्धिक संपदा सुरक्षा अवश्य मुहैया कराना चाहिए, हालांकि इसमें यह निर्दिश्ट नहीं किया गया है कि इसे किस प्रकार से किया जाना है।

व्यापार समझौतों पर बातचीत डब्ल्यूटीओ के दायरे से बाहर की गई। खासकर, जिस बातचीत की शुरूआत दुनिया के विकसित देशों और मजबूत अर्थव्यवस्थाओं द्वारा की गई, उन्होंने डब्ल्यूटीओ से ज्यादा से ज्यादा दूर रहने का प्रयास किया। उन्हें अक्सर (ए) पौधों या पशुओं को पैटेंट करने (बी) बीजों

8. ग्रेन **'कोलंबिया फार्मर्स अपराइजिंग पुट्स द स्पॉटलाइट ऑन सीड्स'** सितंबर 2013।

9.शायद लोगों की नजरों में 2013 का ईएफटी-मध्य अमेरिका एफटीए अधिक दृष्टिगोचर नहीं हुआ जो सीएएफटीए के रूप में ऐसी ही मांगें रखता है।

10.देखें ईएफई 'ग्वोटेमाला रिपील्स प्लांट्स ब्रीडर राइट्स लॉ' 5 सितंबर, 2014

घाना के आकरा में मौनसैंटो के खिलाफ मार्च- ईयू के साथ संपन्न एक अंतरिम आर्थिक साझीदारी समझौता में शामिल एक अनुच्छेद के तहत, घाना की सरकार को पारंपरिक ज्ञान एवं आनुवंशिक संसाधनों समेत बौद्धिक संपदा पर नियमों पर बातचीत करनी होगी।

के लिए पैटेंट जैसी प्रणाली मुहैया कराने के लिए नई पौध किस्मों की सुरक्षा के लिए यूनियन (यूपीओवी) के नियमों का अनुकरण और/या (सी) पैटेंट सुरक्षा के उद्देश्य के लिए सूक्ष्म-अवयवों के जमाओं की स्वीकृति पर बुडापेस्ट समझौते में शामिल होने के लिए देशों की जरूरत पड़ती है। ये कदम छोटे एवं देशज क्राक समुदायों की कीमत पर कृषि व्यवसाय कंपनियों के एकाधिकारी शक्तियों को और मजबूत बना देते हैं। उदाहरण के लिए, चाहे पैटेंट कानून के रूप में हो या यूपीओवी, ये नियम आम तौर पर किसानों के लिए बीजों को, जिन्हें वे तथाकथित सुरक्षित किस्म बताते हैं, बचाने, आदान प्रदान करने, बेचने या संशोधित करने को गैर कानूनी बना देते हैं।

यह सारिणी इस बात पर फोकस करती है कि विभिन्न व्यापार समझौतों के अनुसार 'किस चीज'का अनिवार्य रूप से निजीकरण किया जाना चाहिए। यह प्रवर्तन (वस्तुओं की जब्ती, कैद आदि) के लिए कारण नहीं बताती जोकि कई एफटीए में डब्ल्यूटीओ में सहमत नियमों से आगे चली जाती है और ग्रामीण समुदायों के लिए पहले से भी ज्यादा बड़ा सरदर्द बनती जा रही है।

इनमें से अधिकांा समझौते प्रकृति में द्विपक्षीय हैं, लेकिन कई एकपक्षीय या बहुपक्षीय हैं। और जहां उनमें से ज्यादातर व्यापार समझौते हैं, कुछ क्षेत्रवार बौद्धिक संपत्ति सहयोग समझौते हैं। इस डाटासेट का काम प्रगति पर है। अगर आप इसमें कुछ जोड़ना चाहें या दुरूस्त करना चाहें तो आप कृपया हमें ग्रेनऐटदरेटग्रेनडॉटओअरजी पर संपर्क करें। धन्यवाद।

11.देखें फूड सॉवरेंटी घाना के वेबसाइट्स http:/foodsovereigntyghana.org/ and Panafricanist International http:panafricanistinternational.org

12.' एएफएसए एआरआईपीओ, एयू एवं यूएनईसीए से किसानों के अधिकारों एवं भोजन के अधिकार की सुरक्षा के लिए अपील करती है' 2 जुलाई 2014

Going further

— GRAIN, "Seed laws in Latin America: the offensive continues, so does popular resistance", December 2013.

— Biodiversidad, " Leyes de semillas yotros pesares ", September 2014 (Spanish only).

— Daily updates on trade deals in English, Spanish and French at http://bilaterals.org or @bilaterals_org or https://www.facebook.com/bilaterals.org.

अफ्रीका एवं मध्य पूर्व

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ 1

ईएफटीए-अल्जीरिया एफटीए/अन्वेषण

ईएफटीए-मिस्र एफटीए/2007/लागू

मिस्र यूपीओवी (1978 या 1991 अधिनियम) में शामिल होने तथा 2011 तक बुडापेस्ट करार के प्रति सहमत होने के लिए उपकृत है। 'प्रौद्योगिकी के सभी क्षेत्रों'में पैटेंट अनिवार्य रूप से मुहैया कराया जाना चाहिए। ('कम से कम' जो ट्रिप्स समझौते के तहत शामिल हैं) 2

ईएफटीए-खाड़ी सहयोग परिषद 2 एफटीए/2009/लागू

जीसीसी को एक अनुलग्नक, जिसमें जनवरी 2016 तक बौद्धिक संपदा अधिकारों पर प्रावधान सन्निहित हों, पर ईएफटीए के साथ बातचीत को अनिवार्य रूप से संपन्न कर लेना चाहिए। 4,

ईएफटीए-जॉर्डन एफटीए/2001/लागू

जॉर्डन को अनिवार्य रूप से यूपीओवी में शामिल होना चाहिए और 2006 तक बुडापेस्ट करार के प्रति सहमत हो जाना चाहिए। जॉर्डन को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि 'एक ऐसे स्तर पर प्रौद्योगिकी के सभी क्षेत्रों में अन्वेषणों के लिए पर्याप्त एवं कारगर पैटेंट सुरक्षा हो जो वर्तमान यूरोपीय पैटेंट संधि पत्र के समान हो' जो अंतःजीनी पौधों एवं पशुओं के पैटेंटीकरण की अनुमति देता है। 5.

ईएफटीए-लेबनान एफटीए/2004/लागू

जॉर्डन को अनिवार्य रूप से यूपीओवी (1978 या 1991 अधिनियम) में शामिल होना चाहिए और 2008 तक बुडापेस्ट करार के प्रति सहमत हो जाना चाहिए।

ईएफटीए-मोरक्को एफटीए/2000/लागू

मोरक्को को अनिवार्य रूप से यूपीओवी में शामिल होना चाहिए और 2000 तक बुडापेस्ट करार के प्रति सहमत हो जाना चाहिए। मोरक्को को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि 'एक ऐसे स्तर पर प्रौद्योगिकी के सभी क्षेत्रों में अन्वेषणों के लिए पर्याप्त एवं कारगर पैटेंट सुरक्षा हो जो वर्तमान यूरोपीय पैटेंट संधि पत्र के समान हो'जो अंतःजीनी पौधों एवं पशुओं के पैटेंटीकरण की अनुमति देता है। 7.

ईएफटीए-फिलीस्तीनी प्राधिकरण एफटीए/1998/लागू

फिलीस्तीनी प्राधिकरण को अनिवार्य रूप से आईपीआर सुरक्षा के 'सर्वोच्च अंतरराष्ट्रीय मानकों'को क्रियान्वित करना चाहिए। 8.

ईएफटीए-ट्यूनीशिया एफटीए/2004/लागू

ट्यूनीशिया को अनिवार्य रूप से यूपीओवी (1978 या 1991 अधिनियम) में शामिल होना चाहिए और 2010 तक बुडापेस्ट समझौते के प्रति सहमत हो जाना चाहिए। ट्यूनीशिया को आईपीआर के सभी समझौतों के प्रति सहमत होने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना चाहिए जिसके ईएफटीए राज्य पक्षकार हैं। 9.

यूरोपीय संघ

कोटोनोउ समझौता/2000/लागू

पक्षकार पौधों की किस्मों पर एवं जैवप्रौद्योगिकीय अन्वेषणों पर पैटेंटों की पर्याप्त एवं कारगर सुरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत को स्वीकार करते हैं। 10.

कोटोनोउ-अल्जीरिया एफटीए/2002/लागू

अल्जीरिया 2010 तक यूपीओवी (1991 अधिनियम) के प्रति सहमत हो जाएगा और इसे क्रियान्वित करेगा, हालांकि अगर दोनों पक्ष सहमत हो जाएं तो एक कारगर अद्वितीय प्रणाली के क्रियान्वयन को आरोहण की जगह विस्थापित किया जा सकता है। 11. अल्जीरिया को अनिवार्य रूप से बुडापेस्ट समझौते के प्रति सहमत हो जाना चाहिए। 12.

ईयू-मध्य अफ्रीका 13 ईपीए/बातचीत जारी

केवल कैमरून ने एक अस्थायी ईपीए पर हस्ताक्षर किया एवं इसकी अभिपुष्टि की जो बौद्धिक संपदा अधिकारों पर नियमों की बातचीत के लिए एक आधार की स्थापना करता है। 14. इनकी प्रतिकृति ईयू-कैरेबियाई ईपीए पर किए जाने की उम्मीद है।

ईयू-पूर्वी अफ्रीकी समुदाय 13 ईपीए/2007/प्रारंभ

2007 में एक संरचना ईपीए के एक परियुक्ति खंड के तहत शुरूआत हुई लेकिन इस पर कभी भी हस्ताक्षर नहीं हो सका, ईएसी सदस्य राज्यों ने बौद्धिक संपदा पर नियमों पर और आगे बातचीत करने पर सहमति जताई। इनकी प्रतिकृति ईयू-कैरेबियाई ईपीए पर किए जाने की उम्मीद है।

ईयू-पूर्वी एवं दक्षिणी अफ्रीकी अफ्रीकी समुदाय 17 ईपीए/2009/अंतरिम रूप से आवेदन किया गया

2009 में एक अंतरिम ईपीए के एक परियुक्ति खंड के तहत हस्ताक्षर किए गए एवं 2012 से अंतरिम रूप से किए गए आवेदन में, मेडागास्कर, मॉरीशस, सिचेलस एवं जिम्बाब्वे ने बौद्धिक संपदा पर नियमों पर आगे बातचीत करने पर सहमति जताई। 18. इनकी अनुकृति ईयू-कैरेबियाई ईपीए पर किए जाने की उम्मीद है।

ईयू-पचिमी अफ्रीकी 19 ईपीए/2014/सहमत

2014 में संपन्न एक अंतरिम ईपीए के एक परियुक्ति खंड के तहत, पक्षकारों ने पारंपरिक ज्ञान एवं अनुवांाकि संसाधनों समेत बौद्धिक संपदा पर नियमों पर आगे बातचीत करने पर सहमति जताई। 20. इनकी प्रतिकृति ईयू-कैरेबियाई ईपीए पर किए जाने की उम्मीद है।

ईयू-मिस्र एफटीए/2001/सहमत

मिस्र को अनिवार्य रूप से यूपीओवी में शामिल होना चाहिए और समझौते के लागू होने के पांच वर्षों के भीतर बुडापेस्ट समझौते के प्रति सहमत हो जाना चाहिए। 21. इस समझौते को एक गहरे और विस्तृत मुक्त व्यापार समझौते के द्वारा 2012 के बाद भी विस्तारित किया जाना चाहिए जिसके माध्यम से ईयू का लक्ष्य बौद्धिक संपदा नियमों को और 'एकरूप' करना है। 22,

ईयू-जीसीसीएफटीए/ बातचीत जारी

ईयू-ईरान एफटीए/ बातचीत जारी

ईयू-जॉर्डन एफटीए/1997/लागू

जॉर्डन को अनिवार्य रूप से यूपीओवी में शामिल होना चाहिए और 2007 तक बुडापेस्ट समझौते के प्रति सहमत हो जाना चाहिए। 23. इस समझौते को एक गहरे और विस्तृत मुक्त व्यापार समझौते के द्वारा 2012 के बाद भी विस्तारित किया जाना चाहिए जिसके माध्यम से ईयू का लक्ष्य बौद्धिक संपदा नियमों को और 'एकरूप'करना है।

ईयू-लेबनान एफटीए/2002/लागू

लेबनान को अनिवार्य रूप से यूपीओवी (1991 अधिनियम) में शामिल होना चाहिए और 2008 तक बुडापेस्ट समझौते के प्रति सहमत हो जाना चाहिए। .25

ईयू-मोरक्को एफटीए/2000/लागू

मोरक्को को अनिवार्य रूप से यूपीओवी (1991 अधिनियम) में शामिल होना चाहिए और 2004 तक बुडापेस्ट समझौते के प्रति सहमत हो जाना चाहिए। इस समझौते को एक गहरे और विस्तृत मुक्त व्यापार समझौते के द्वारा 2012 के बाद भी विस्तारित किया जाना चाहिए जिसके माध्यम से ईयू का लक्ष्य बौद्धिक संपदा नियमों को और 'एकरूप' करना है। 27.

ईयू-फिलीस्तीनी प्राधिकरण एफटीए/1997/लागू

फिलीस्तीनी प्राधिकरण को अनिवार्य रूप से आईपीआर सुरक्षा के 'सर्वोच्च अंतरराष्ट्रीय मानकों' को क्रियान्वित करना चाहिए। .28

ईयू-दक्षिण अफ्रीका एफटीए/1999/लागू

दक्षिण अफ्रीका जैवप्रौद्योगिकीय अन्वेषणों पर पैटेंटों के लिए पर्याप्त एवं कारगर सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। दक्षिण अफ्रीका को अनिवार्य रूप से आईपीआर सुरक्षा के 'सर्वोच्च अंतरराष्ट्रीय मानकों'को क्रियान्वित करना चाहिए और आईपीआर सुरक्षा के ट्रिप्स मानकों से आगे जाकर इसकी शुरूआत करनी चाहिए। 29.

ईयू-दक्षिण अफ्रीकी विकास सहयोग 30 ईपीए/2014/संपन्न

एसएडीसी राज्यों को बाद के किसी चरण में ईयू के साथ बौद्धिक संपदा पर बातचीतों में शामिल होने पर विचार कर सकता है। 31.

ईयू-सीरिया एफटीए/2004/सहमत

सीरिया ट्रिप्स समझौता समेत, केवल वहीं तक सीमित नहीं, 'सर्वोच्च अंतरराष्ट्रीय मानकों'का अनुकरण करेगा। सीरिया अनुलग्नक 6 की प्रयोजनीयता के 5 वर्षों के भीतर बुडापेस्ट समझौता एवं यूपीओवी संधि पत्र (1991) से सहमति व्यक्त करेगा। बहरहाल, सीरिया यूपीओवी के साथ आरोहण को पौध किस्मों की सुरक्षा के लिए एक 'पर्याप्त एवं कारगर'प्रणाली के क्रियान्वयन के साथ विस्थापित कर सकता है। 32.

ईयू-ट्यूनीशिया एफटीए/1998/लागू

ट्यूनीशिया को अनिवार्य रूप से यूपीओवी (1991 अधिनियम) में शामिल होना चाहिए और 2002 तक बुडापेस्ट समझौते के प्रति सहमत हो जाना चाहिए। ट्यूनीशिया को अनिवार्य रूप से आईपीआर सुरक्षा के 'सर्वोच्च अंतरराष्ट्रीय मानकों'को क्रियान्वित भी करना चाहिए। 33. इस समझौते को एक गहरे और विस्तृत मुक्त व्यापार समझौते के द्वारा 2012 के बाद भी विस्तारित किया जाना चाहिए जिसके माध्यम से ईयू का लक्ष्य बौद्धिक संपदा नियमों को और 'एकरूप' करना है। 34.

ईयू-पचिम अफ्रीका 35. ईपीए/2014/सहमत

एक अंतरिम ईपीए के एक परियुक्ति खंड के तहत, पक्षकारों ने बौद्धिक संपदा पर नियमों पर आगे बातचीत करने पर सहमति जताई है। इनकी अनुकृति ईयू-कैरेबियाई ईपीए पर किए जाने की उम्मीद है।

संयुक्त राष्ट्र

अफ्रीकन ग्रोथ एंड अपॉरचुनिटी एक्ट /2000/लागू

एजीओए को अमेरिकी व्यापार लाभ 38.-योग्य देशों की एकपक्षीय माप उस सीमा तक की जाती है जहां वे आईपीआर सुरक्षा के ट्रिप्स मानकों से आगे चले जाते हैं। 36.

अमेरिका-बहरीन एफटीए/2004/लागू

बहरीन को यूपीओवी में अनिवार्य रूप से शामिल होकर इसे लागू करना चाहिए तथा लागू होने के एक साल के भीतर बुडापेस्ट समझौते के प्रति सहमत होना चाहिए। 37

अमेरिका-जॉर्डन एफटीए/2000/लागू

जार्डन को यूपीओवी में अनिवार्य रूप से शामिल होकर इसे एक साल के भीतर लागू करना चाहिए तथा आंकि रूप से बुडापेस्ट समझौते को क्रियान्वित करना चाहिए। जार्डन पैटेंट कानून से पौधों या पशुओं को बहिष्कृत नहीं भी कर सकता है। 38.

अमेरिका- मोरक्को एफटीए/2004/लागू

मोरक्को को पौधों एवं पशुओं पर अवश्य पैटेंट मुहैया कराना चाहिए। मोरक्को को 2006 तक यूपीओवी संधि पत्र (1991) एवं बुडापेस्ट समझौते को भी अभिपुष्ट करना चाहिए। 39

अमेरिका- यमन एफटीए/2006/हस्ताक्षरित

यमन को यूपीओवी (1991 अधिनियम) में अवश्य शामिल हो जाना चाहिए तथा जिस वक्त तक एफटीए लागू होता है बुडापेस्ट समझौते के प्रति सहमत हो जाना चाहिए। हालांकि यह अपने पैटेंट कानूनों से पशुओं (सूक्ष्म अवयवों को छोड़ कर) को बहिष्कृत कर सकता है, यमन को पौधों को पैटेंट की अनुमति अवश्य देनी चाहिए। 40.

अमेरिका- दक्षिण अफ्रीकी कस्टम यूनियन 41 एफटीए/बातचीत स्थगित
(अमेरिकी प्रस्तावों के 'दूरगामी'बौद्धिक संपदा प्रावधान एक वजह थी कि क्यों 2006 में बातचीत टूट गई। 2008 में, दोनों पक्षों ने बातचीत को जारी रखने के लिए एक व्यापार एवं निवेश सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए।)
अमेरिका- संयुक्त अरब अमीरात एफटीए/बातचीत स्थगित
अमेरिकाज
यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ
ईएफटीए-मध्य अमेरिका एफटीए/2013/लागू
कोस्टा रिका एवं पनामा को अनिवार्य रूप से यूपीओवी (1991 या 1978 अधिनियम, निर्भर करता है) के प्रावधानों को क्रियान्वित करना चाहिए।42 ग्वाटेमाला एवं होंडारूस के साथ बातचीत पर वर्तमान में विराम है।
ईएफटीए-चिली एफटीए/2003/लागू
चिली को 2007 तक अनिवार्य रूप से यूपीओवी (1991 या 1978 अधिनियम) में शामिल हो जाना चाहिए तथा बुडापेस्ट समझौते के प्रति 2009 तक सहमत हो जाना चाहिए। 43.
ईएफटीए-कोलंबिया एफटीए/2008/लागू
कोलंबिया को 2007 तक अनिवार्य रूप से यूपीओवी (1991 या 1978 अधिनियम) में शामिल हो जाना चाहिए तथा बुडापेस्ट समझौते के प्रति जुलाई 2011 तक सहमत हो जाना चाहिए। 44.
ईएफटीए- मैक्सिको एफटीए/2000/लागू

मैक्सिको को अनिवार्य रूप से यूपीओवी में शामिल हो जाना चाहिए तथा बुडापेस्ट समझौते के प्रति 2002 तक सहमत हो जाना चाहिए। 45
ईएफटीए-पेरू एफटीए/2008/लागू
पेरू को अनिवार्य रूप से यूपीओवी (1991 या 1978 अधिनियम) में शामिल हो जाना चाहिए तथा बुडापेस्ट समझौते के प्रति जुलाई 2011 तक सहमत हो जाना चाहिए। 46.

यूरोपीय संघ

कोटोनोउ समझौता/2000/लागू
संबंधित पक्ष पौध किस्मों पर एवं जैवप्रौद्योगिकीय अन्वेषणों पर पैटेंटों के पर्याप्त एवं कारगर सुरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत स्वीकार करते हैं। 47
ईयू-आंडियन समुदाय एफटीए/2012/ अंतरिम रूप से आवेदन
कोलंबिया एवं पेरू तथाकथित 'किसानों के विशेषाधिकार' समेत यूपीओवी (1991) को क्रियान्वित करेंगे (प्रजनक के अधिकारों का सम्मान करते हुए सुरक्षित बीजों का फिर से उपयोग करते हुए), (बोलिविया एवं इक्वाडोर के साथ समझौते का विस्तार)
ईएफटीए-कैरेबियाई 49 ईपीए/2008/लागू
